**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर के तराई भवन में आयोजित हुआ तीज का कार्यक्रम

पंतनगर। 8 अगस्त, 2024। पंतनगर विश्वविद्यालय के तराई भवन में हरियाली तीज के कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति की धर्मपत्नी एवं महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती बीना चौहान ने की। इस अवसर पर महिला क्लब की सदस्यों द्वारा सावन के गीतों पर नृत्य किया गया तथा राधा कृष्ण के भजनों का भी गायन किया गया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से श्रीमती एकता मिश्रा को मिस तीज और श्रीमती शशि सक्सेना को मिस हरियाली तीज चुना गया। इस अवसर पर महिला क्लब की सचिव श्रीमती विजयालक्ष्मी के साथ श्रीमती नीलम सिंह, श्रीमती सुमन, श्रीमती आशा सिंह, श्रीमती वंदना, श्रीमती कुसुम शर्मा, श्रीमती रेनू तिवारी, श्रीमती शशि गुप्ता, श्रीमती शिल्पी गुप्ता, श्रीमती उर्वी घोष, श्रीमती संगीता एवं अन्य सदस्या उपस्थित रही।

*1. महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती बीना चौहान को उपहार भेंट करती महिला क्लब की सदस्या।*

*2. पंतनगर के तराई भवन में तीज पर्व मनाती महिला क्लब की सदस्या।*

**निदेशक संचार**